Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper
Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






# सुनाम के मेगा रोजगार मेले में 562 युवाओं को मिली नौकरी, 618 और हुए शॉर्टलिस्ट: अमन अरोड़ा



चंडीगढ़/सुनाम, 20 जुलाई:पंजाब सरकार की रोजगार सृजन पहल को बड़ा बढ़ावा देते हुए सुनाम में आयोजित मेगा रोजगार मेले में 562 युवाओं का विभिन्न निजी कंपनियों में चयन किया गया, जबकि 618 युवाओं को आगे की भर्ती प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि संगरूर, मलेरकोटला और बरनाला क्लस्टर का यह पहला संयुक्त मेगा रोजगार मेला उद्योग विभाग और रोजगार सृजन विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 61 प्रमुख कंपनियों और 2,129 युवाओं ने भाग लिया।

मंत्री ने बताया कि रोजगार मेले में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवारों को उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर 12,000 रुपये से 42,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन वाली नौकरियों के अवसर मिले। चयनित युवाओं को मौके पर ही 'लेटर ऑफ इंटेंट' भी सौंपे गए। उन्होंने कहा कि सरकार केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योगों और युवाओं के बीच मजबूत कड़ी का काम कर रही है।

अमन अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान लगभग 70,000 सरकारी नौकरियां पूरी पारदर्शिता के साथ, बिना किसी रिश्वत और बिना किसी सिफारिश के योग्य युवाओं को दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है, इसलिए ऐसा औद्योगिक और रोजगार आधारित वातावरण तैयार किया जा रहा है, जहां निजी क्षेत्र भी बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध करा सके।

रोजगार मेले में सोनालिका, महिंद्रा ट्रैक्टर्स, केआरबीएल, अवानी, एपी ऑर्गेनिक्स, मैक्स, नाहर स्पिनिंग सहित 61 प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया। मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, बीएससी (नॉन-मेडिकल), बीकॉम, ग्रेजुएट तथा सीएनसी कोर्स पास युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए।

आईटी हब को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि मोहाली पहले से ही पंजाब का प्रमुख आईटी हब बन चुका है, जबकि लुधियाना, अमृतसर और जालंधर में भी हजारों युवा आईटी और औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है और जहां उन्हें बेहतर रोजगार मिले, वहां काम करने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए।

इस अवसर पर अमन अरोड़ा ने विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों का दौरा कर उद्योग प्रतिनिधियों और युवाओं से बातचीत की। कार्यक्रम में रोजगार सृजन एवं प्रशिक्षण विभाग की निदेशक अमृत सिंह (आईएएस), उपायुक्त संगरूर पूनमदीप कौर (आईएएस), अतिरिक्त उपायुक्त अंकुर महिंद्रू, एसडीएम सुनाम गगनदीप सिंह, मार्केट कमेटी सुनाम के चेयरमैन मुकेश जुनेजा, मंत्री के मीडिया सलाहकार यशपाल मंगला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते एएसआई जगजीवन सिंह विजिलेंस के हत्थे चढ़े



पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना कूमकलां, लुधियाना में तैनात सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) जगजीवन सिंह को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सुरजीत कॉलोनी, राहों रोड, लुधियाना निवासी एक व्यक्ति द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार उसके रिश्तेदार के खिलाफ दर्ज मामले में जांच अधिकारी रहे एएसआई ने जमानत दिलाने में मदद के बदले पहले 10,000 रुपये लिए और बाद में 10,000 रुपये की अतिरिक्त रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने की बातचीत रिकॉर्ड कर विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क किया।

## नूरपुर बेदी के 102 गांवों को मिलेगी सिंचाई सुविधा, 650 करोड़ की योजना का शुभारंभ



पंजाब के जल संसाधन एवं भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने नूरपुर बेदी ब्लॉक के गांवों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 650 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना की चरणबद्ध शुरुआत गांव छज्जा से की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार इस क्षेत्र के किसानों को व्यवस्थित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

योजना के तहत सतलुज दरिया और स्वां नदी आधारित लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से 102 गांवों तक चरणबद्ध तरीके से पानी पहुंचाया जाएगा। पहले चरण में 2,785 एकड़ क्षेत्र के 9 गांवों को योजना से जोड़ा गया है। इसके अलावा स्वां नदी पर बांध बनाकर वर्षा जल संग्रहित करने और गुरुत्वाकर्षण प्रणाली से खेतों तक पानी पहुंचाने की भी योजना है। मंत्री ने कहा कि इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा, भू-जल पर निर्भरता कम होगी और स्वां नदी के चैनलाइजेशन से बाढ़ की समस्या पर भी नियंत्रण मिलेगा।

## एसआईआर-2026: दिड़बा और निहाल सिंह वाला ने समय से पहले पूरा किया 100% डिजिटलीकरण, सीईओ अनिंदिता मित्रा ने दी बधाई

चंडीगढ़, 20 जुलाई:पंजाब में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत दिड़बा (जिला संगरूर) और निहाल सिंह वाला (जिला मोगा) विधानसभा क्षेत्रों ने घर-घर गणना चरण के दौरान निर्धारित समय से पहले गणना फॉर्मों के 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण का लक्ष्य हासिल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इस उपलब्धि पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पंजाब अनिंदिता मित्रा ने दोनों विधानसभा क्षेत्रों की चुनावी टीमों को बधाई देते हुए उनके कार्य की सराहना की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह सफलता जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) तथा बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के सामूहिक प्रयास, समर्पण और मिशन मोड में किए गए कार्य का परिणाम है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय से पहले 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा करना चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अनिंदिता मित्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के अन्य जिले भी इसी प्रतिबद्धता और गति के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर डिजिटलीकरण का कार्य पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य के उन मतदाताओं से भी विशेष अपील की, जिन्होंने अभी तक अपने गणना फॉर्म बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को जमा नहीं करवाए हैं, कि वे बिना देरी किए अपने फॉर्म जल्द से जल्द जमा कराएं। उन्होंने कहा कि समय पर फॉर्म जमा कराने से मसौदा मतदाता सूची में उनका नाम शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जा सकेगा और भविष्य में मतदान संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाना है। इसके लिए घर-घर जाकर गणना, प्राप्त फॉर्मों का डिजिटलीकरण और उनके सत्यापन का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने सभी मतदाताओं से इस प्रक्रिया में सहयोग करने और समय रहते आवश्यक दस्तावेज एवं गणना फॉर्म जमा कराने की अपील की है, ताकि आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची पूरी तरह सटीक और विश्वसनीय बनाई जा सके।




## 'युद्ध नशियां विरुद्ध' को नई ताकत: पंजाब में शुरू हुई मेथाडोन थेरेपी, सिंथेटिक नशे के आदी मरीजों को मिलेगा आधुनिक इलाज




चंडीगढ़, 20 जुलाई:पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के तहत नशा मुक्ति उपचार को और प्रभावी बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मेथाडोन मेंटेनेंस थेरेपी (एमएमटी) की शुरुआत की है। यह पहल खास तौर पर उन मरीजों के लिए शुरू की गई है जो लंबे समय से हेरोइन और अन्य सिंथेटिक ओपिओइड नशों के आदी हैं तथा जिन पर मौजूदा उपचार अपेक्षित परिणाम नहीं दे रहे थे।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि राज्य में फिलहाल फरीदकोट, लुधियाना, पटियाला, गुरदासपुर, मोहाली और जालंधर में छह समर्पित मेथाडोन क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। सरकार आने वाले महीनों में छह और क्लीनिक स्थापित करेगी, जिससे इन केंद्रों की संख्या बढ़कर 12 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम पंजाब की उपचार-केंद्रित नशा विरोधी रणनीति को और मजबूत करेगा तथा मरीजों में दोबारा नशे की ओर लौटने की संभावना को कम करेगा।

अब तक राज्य में 500 से अधिक आउटपेशेंट ओपिओइड असिस्टेड ट्रीटमेंट (OOAT) केंद्रों के माध्यम से मुख्य रूप से ब्यूप्रेनोर्फिन आधारित उपचार उपलब्ध कराया जाता था। अब मेथाडोन थेरेपी उन मरीजों के लिए अतिरिक्त और अधिक प्रभावी विकल्प बनेगी, जो गंभीर ओपिओइड निर्भरता से जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (NACO) भी इस थेरेपी को प्रभावी उपचार मानते हैं।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि मेथाडोन थेरेपी केवल दवा तक सीमित नहीं होगी, बल्कि मरीजों को मनोवैज्ञानिक परामर्श, मनोचिकित्सकीय सलाह, पुनः नशे की लत से बचाव संबंधी सेवाएं, पारिवारिक काउंसलिंग और नियमित फॉलो-अप जैसी व्यापक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मरीजों को प्रतिदिन क्लीनिक में चिकित्सकीय निगरानी के तहत दवा दी जाएगी, जिससे दवा के दुरुपयोग की संभावना बेहद कम रहेगी।



herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.